फैक्स

संख्याः— 247 /अनुभाग—7— /जायद पड़ताल/2015—16

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
(भूलेख अनुभाग)
हरिद्वार/ऊधमसिंहनगर।

राजस्व परिषदः (कृ0सां0) देहरादून, दिनांकः 23 अप्रैल ~~मार्च~~, 2016

विषयः— जायद 2015—16 में क्राप कटिंग प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में गत वर्षो की भांति वर्तमान वर्ष 2015—16 (1423 फसली) के जायद मौसम में निम्न विवरण के अनुसार क्राप कटिंग प्रयोग सम्पादित किये जाने हैं, जिनका क्षेत्रीय कार्य राजस्व निरीक्षकों द्वारा सम्पादित किया जायेगा। इस कार्य हेतु जनपद मुख्यालय पर निम्न कार्यक्रम के अनुसार अपर सांख्यिकीय अधिकारी/सहायक भूलेख अधिकारी द्वारा राजस्व निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित अधिकारियों को कृपया आदेशित करने का कष्ट करें कि वे निर्धारित तिथि पर प्रातः 10.30 बजे प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होंवे। सहायक भूलेख अधिकारी को आदेशित करें कि जिस फसल पर प्रयोग किये जाने हैं वह फसल जिन—जिन गाँवों में बोई जाती हैं, उसकी विकासखण्डवार सूचियां प्रशिक्षण के समय प्रशिक्षण अधिकारी को उपलब्ध कराये तांकि सर्वेक्षण हेतु गाँवों के चयन को अन्तिम रूप दिया जा सके। चयनित गाँवों में क्राप कटिंग प्रयोगों का निरीक्षण करवा लिया जाये। सम्बन्धित क्राप कटिंग तालिकायें संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी), कृषि निदेशालय, नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून को उपलब्ध करायें।

जायद 2015—16 में फसल धान एवं उर्द फसलों पर क्राप—कटिंग प्रयोगो के सम्बन्ध में दिये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं निर्धारित गाँवों की संख्या—

| क्रम संख्या | जनपद | प्रशिक्षण तिथि | धान | उर्द | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऊधमसिंहनगर | 26—04—2016 | 15 | — | 15 |
| 2. | हरिद्वार | 27—04—2016 | — | 5 | 5 |

यदि उक्त तिथियों में विशेष कारणवष कोई परिवर्तन किया जाता है, तो उसकी सूचना सम्बन्धित कार्यालयों को समयान्तर्गत उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(विजय कुमार ढौंडियाल)
आयुक्त एवं सचिव।

संख्या एवं दिनांक उक्त।
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. आयुक्त कुमांऊ/गढ़वाल मण्डल, नैनीताल/पौड़ी।
2. निदेशक, कृषि, उत्तराखण्ड, नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून।
3. सहायक निदेशक (सांख्यिकी) कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि, कुमांऊ मण्डल, हल्द्वानी/गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
4. उप महानिदेशक, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (क्षेत्रीय संकाय प्रभाग),सी0—15, सैक्टर—1, डिफेन्स कलौनी, देहरादून।

आयुक्त एवं सचिव।